# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में किया छः हजार सात सौ करोड़ रूपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– अब एक्सप्रेस–वे प्रदेश के रूप में जाना जाता है उत्तर प्रदेश।
- अगले पांच वर्षो में पचहत्तर हजार मेडिकल सीटें बढ़ायेगी सरकार। वाराणसी में आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री ने दिया आश्वासन।
- प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं और कल्पवासियों को मिलेगा मुफ्त राशन। मेला क्षेत्र में एक सौ साठ राशन की दुकानें खोलेगी राज्य सरकार।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा। अगले वर्ष के लिये बाढ़ बचाव की तैयारियां अभी से करने के दिये निर्देश।
- पुलिस स्मृति दिवस आज। विभिन्न कार्यक्रमों में शहीद पुलिसकर्मियों को दी जायेगी श्रद्धांजलि।

**********

कल अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को कभी खराब सड़कों के लिये ताने सुनने पड़ते थे लेकिन आज यह राज्य एक्सप्रेस–वे प्रदेश के रूप में जाना जाता है। प्रधानमंत्री ने वाराणसी में 6 हजार सात सौ करोड़ रुपये लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि दीपावली से पहले काशी विकास और व्यापक परिवर्तन का साक्षी बन रहा है। श्री मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में विकास को नई ऊंचाईयां मिलेगी और लोगों के लिये बेहतर सुविधाओं और रोजगार का आधार बनेंगी।

प्रधानमंत्री ने लाल बहादुर शास्त्री अतंर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे के विस्तार, नये टर्मिनल भवन के निर्माण, प्रधानमंत्री खेलो इंडिया योजना और स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 210 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से वाराणसी स्पोर्ट्स काम्पलेक्स के पुनर्विकास सहित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री उड़ान योजना के तहत वाराणसी, सहारनपुर तथा मध्य प्रदेश के रीवा, छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर एयरपोर्ट का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण भी किया।

***आज देशभर में आधुनिक हाइवे बन रहे है नये–नये रूट पर रेलवे ट्रैक बिछाये जा रहे है। नये–नये एयरपोर्ट बन रहे है और ये सिर्फ ईट, पत्थर और लोहे सरिया का काम नहीं हो रहा है, बल्कि इससे लोगों की सुविधा बढ़ रही है देश के युवाओं को नौकरियां भी मिल रही है।***

प्रधानमंत्री ने युवाओं को राजनीति में आगे लाने की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वह एक लाख ऐसे नये युवाओं को राजनीति में लाना चाहते हैं, जिनका राजनीति से काई पूर्व सम्बन्ध नहीं होगा। इस अवसर पर उन्होंने महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में वाराणसी में कल आयोजित लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि नये भारत के नेतृत्वकर्ता नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश की काशी से देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में वाराणसी में चौवालीस हजार करोड़ रूपये की विकास परियोजनायें स्वीकृत हुयी हैं। इनमें से चौबीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनायें पूर्ण भी हो चुकी हैं। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केन्द्रीय मंत्री के. राममोहन नायडू, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक सहित राज्य सरकार के कई मंत्री और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**********

वाराणसी दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य जगतगुरू शंकर विजयेन्द्र सरस्वती की उपस्थिति में हरिहरपुर में नब्बे करोड़ रूपये की लागत से निर्मित आधुनिक आर.जे. शंकरा आई हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस आधुनिक अस्पताल के बनने से काशी सहित पूर्वांचल के लोगों को फायदा पहुंचेगा।

***काशी को पूर्वांचल को, एक और आधुनिक अस्पताल मिला है, आर0जे0 शंकर नेत्र अस्पताल जन–जन के लिये समर्पित है। ये आर0जे0 शंकर नेत्र अस्पताल अनेकों लोगों के जीवन से अंधकार दूर करेगा, उन्हें प्रकाश की ओर ले जायेगा। एक प्रकार से ये आध्यात्मिकता और आधुनिकता का संगम है, यहां बहुत बड़ी संख्या में गरीबों को मुफ्त इलाज मिलने वाला है। ये नेत्र अस्पताल यहां के युवाओं के लिये, रोजगार के नये अवसर लेकर आया है। यहां मेडिकल कॉलेजों के छात्र इंटर्शिप कर पायेंगे, प्रैक्टिस कर पायेंगे।***

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अगले पांच वर्षो में 75 हजार और मेडिकल सीटें जोड़ने जा रही है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षो में पूर्वांचल में 55 सौ से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किये गये है, जिससे लोगों को सस्ती कीमत पर दवाइयां मिल रही है और उनका औसत खर्च 25 प्रतिशत कम हो गया है।

**********

आर.जे. शंकरा आई हॉस्पिटल के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में ऐसे काम हुए है, जिससे उत्तर प्रदेश की पहचान बदली है।

***उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में पिछले 10 वर्ष में बेहतरीन कार्य हुए है। हर जनपद में एक–एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो, हर जनपद में डायलिसिस की सुविधा प्राप्त हो, हर जनपद के अन्दर सीटी स्केन की सुविधा हो, 15 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से गांव स्तर पर लोगों को स्वास्थ्य की सुविधाएं और ट्रैडिशनल मेडिसिन की बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध हो यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के अन्दर तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। सरकार के साथ–साथ निजी क्षेत्र का और धमार्थ संस्थाओं का योगदान इस दिशा में बहुत महत्वपूर्ण है।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल वाराणसी से वर्चुअल मध्यम से प्रदेश के सहारनपुर हवाई अड्डे सहित देश में तीन नये क्षेत्रीय हवाई अड्डों का उद्घाटन किया। अन्य दो हवाई अड्डों में एक मध्य प्रदेश का रीवा और दूसरा छत्तीसगढ़ का अम्बिकापुर है। सहारनपुर हवाई अड्डे के उद्घाटन अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री सुनील कुमार शर्मा और जसवंत सैनी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस हवाई अड्डे से पांच नवम्बर से उड़ान प्रारम्भ हो जायेगी।

**********

प्रदेश सरकार प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ के दौरान मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं और कल्पवासियों को मुफ्त राशन की सुविधा देगी। इसके लिये पूरे मेला क्षेत्र में एक सौ साठ राशन की दुकानें और भंडारण के लिये पांच गोदाम बनाये जायेंगे। खाद्य और रसद विभाग पैंतालीस दिनों तक चलने वाले इस महा आयोजन के दौरान जनवरी और फरवरी में दो बार निशुल्क राशन उपलब्ध करायेगा। इस योजना के तहत दो लाख राशन कार्ड धारकों को सुविधा का लाभ दिया जायेगा, जिससे दस लाख लोग लाभान्वित होंगे। कल्पवासियों और श्रद्धालुओं को चीनी और रसोई गैस भी उपलब्ध करायी जायेगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सिंचाई विभाग के कार्यों और परियोजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने बाढ़ से बचाव के लिये अगले वर्ष की कार्ययोजना अभी से तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों का उपयोग कर कार्यों की गुणवत्ता और कर्मचारियों की दक्षता में सुधार किया जा सकता है।

**********

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में छः हजार संविदा बस चालकों की भर्ती की जायेगी। यह भर्ती प्रदेश भर के एक सौ पन्द्रह डिपो में होगी। सीधी भर्ती में पारदर्शिता और किसी भी तरह की शिकायत के लिये परिवहन निगम ने टोल फ्री नम्बर एक आठ शून्य शून्य एक आठ शून्य दो आठ सात सात जारी किया है। भर्ती के लिये न्यूनतम उम्र तेइस वर्ष छः माह और न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं पास निर्धारित है। आवेदक के पास भारी वाहन चलाने का दो वर्ष पुराना ड्राइविंग लाइसेंस भी होना चाहिए।

**********

आज पुलिस स्मृति दिवस है। यह आयोजन इक्कीस अक्टूबर उन्नीस सौ उन्सठ को लद्दाख में बर्फ से ढकी देश की सीमा की सुरक्षा में अपना बलिदान देने वाले केन्द्रीय पुलिस बल के जवानों की याद में मनाया जाता है। पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश और प्रदेश की सुरक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृतियों को जीवित रखेगी और उनके परिजनों के कल्याण के लिये सदैव तत्पर रहेगी। पुलिस स्मृति दिवस पर आज प्रदेश भर में पुलिस विभाग की तरफ से श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

**********

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर शायर फहमी बदायूंनी का कल शाम निधन हो गया। बहत्तर वर्षीय फहमी बदायूंनी के निधन पर साहित्य जगत से जुड़े लोगों ने गहरा शाक व्यक्त किया है।

**********